निर्वाचन/महत्वपूर्ण

संख्या- 1627 /33-2-2021-01जी/2006

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पंचायतीराज अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 07 जुलाई, 2021

विषय -सामान्य निर्वाचन, 2021 के फलस्वरूप नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्षों एवं जिला पंचायत सदस्यों का शपथ-ग्रहण एवं जिला पंचायत की प्रथम बैठक बुलाये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के द्वारा जिला पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों से प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा जिला पंचायत सदस्य चुने जाने के पश्चात जिला पंचायत अध्यक्षों के निर्वाचन परिणाम दिनांक 03.07.2021 को प्राप्त हो गये हैं। अत: इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (अध्यक्ष या प्रमुख आदि के पद की शपथ) नियमावली 1994 के प्राविधानों के अनुसार जिला पंचायत के अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित व्यक्ति व नवनिर्वाचित सदस्यों को दिनांक 12.07.2021 को प्रात: 11.00 बजे शपथ ग्रहण करायी जाए।

2. उक्त के अतिरिक्त मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि नवगठित जिला पंचायत की प्रथम बैठक दिनांक 12.07.2021 को ही अपरान्ह में आयोजित की जाए, जिसमें जिला पंचायत की समितियों के गठन पर विचार किया जा सकता है।

कृपया उक्तानुसार कार्यवाही पूर्ण कराकर शासन को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

Manoj 7.7.21

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या- 1627 (1)/33-2-2021-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
2. स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
4. संबंधित मण्डलायुक्त।
5. निदेशक, पंचायतीराज, उ0प्र0 लखनऊ।
6. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
7. उपनिदेशक, जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
8. संबंधित मुख्य विकास अधिकारी/मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत।
9. संबंधित अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत।
10. पंचायतीराज अनुभाग-1/3
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अवधेश कुमार खरे)
उप सचिव।